भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2910

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 10 का चौड़ीकरण

2910. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिम बंगाल राज्य में सेवोके से रंगपो तक राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-10 को बहाल/मरम्मत करने के लिए कोई कार्य किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास सेवोके और गंगटोक के बीच एनएच-10 के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सिक्किम राज्य सरकार ने एनएच-10 के विकल्प के रूप में नए राजमार्ग के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) एनएच-10 की तत्काल बहाली के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां। पश्चिम बंगाल राज्य में सेवोके से रंगपो तक एनएच-10 को बहाल/मरम्मत करने के लिए किए गए कार्यों का विवरण अनुबंध में संलग्न है।

(ख) एनएच-10 के पुनर्संरेखन/चौड़ीकरण की स्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

खंड	वर्तमान स्थिति
सेवोके - रंगपो	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु बोलियां प्राप्त हुई हैं।
रंगपो - रानीपूल	डीपीआर की तैयारी चल रही है।
रानीपूल - गंगटोक	फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) राज्य सरकार ने मेली से सिंगताम तक वैकल्पिक राजमार्ग के निर्माण के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। मंत्रालय में प्रस्ताव की जांच की जा रही है।

(घ) मंत्रालय ने सेवोके से गंगटोक तक एनएच-10 के विकास के मूल कार्यों के लिए 530.47 करोड़ रुपये तथा रखरखाव और तत्काल बहाली के लिए 111.69 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। राज्य में सभी एनएच परियोजनाओं के लिए धनराशि राज्यवार और वर्षवार आवंटित की जाती है, राष्ट्रीय राजमार्ग-वार आवंटित नहीं की जाती है।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 10 का चौड़ीकरण' के संबंध में डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा द्वारा दिनांक 12.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2910 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	कार्य का नाम	लागत (करोड़ रु. में)	स्थिति
1.	किमी 23.20 से किमी 23.960 और 26.53 से 26.58 तक ढलान स्थिरीकरण (2 स्थान)	68.49	कार्य प्रगति पर है।
2.	जून-जुलाई 2024 मानसून में हुई क्षति और बारिश के कारण 13 स्थानों (किमी 2.050, किमी 3.33, किमी 7.9, किमी 11.35, किमी 20.50, किमी 21.90, किमी 22.10, किमी 22.20, किमी 26.10, किमी 27.35, किमी 33.60, किमी 42.50 और किमी 50.85) पर विशेष मरम्मत कार्य।	14.14	कार्य प्रगति पर है।
3.	इरकॉन द्वारा किमी 8.00, किमी 33.650 और किमी 34.750 पर छोड़े गए रेलवे स्लीपरों से बने साही के माध्यम से जीर्णोद्धार कार्य (10/डब्ल्यूबी2024-25/552)	11.22	कार्य प्रगति पर है।
4.	किमी 0 से किमी 25.80 और किमी 25.80 से किमी 28.00 तक ओआर(डीपीपी) कार्य	23.51	पूर्ण
5.	28.00 से किमी 52.00 अर्थात् (किमी 29.00 से किमी 33.85, किमी 34.20 से किमी 34.60, किमी 35.20 से किमी 49.90) तक एफडीआर कार्य	10.71	पूर्ण
6.	दिनांक 04.10.2023 को अचानक आई बाढ़ के बाद एनएच-10 पर किमी 25.800 से किमी 28.000 तक हुए नुकसान की मरम्मत का कार्य एनएचआईडीसीएल द्वारा शुरू किया गया	12.60	पूर्ण

*****